## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक – 23.05.2026 (संध्या–1900 बजे)
## मुख्य समाचार

1. **प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशव्यापी रोजगार मेले में 51 हजार से अधिक युवाओं को सौंपे नियुक्ति पत्र, केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी और संजय सेठ ने की युवाओं से देश सेवा की अपील।**
2. **मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राज्य में भीषण गर्मी और हीटवेव को देखते हुए पेयजल की व्यवस्था के लिए जारी किए कड़े निर्देश, कहा कि किसी भी गांव, टोले या मोहल्ले में नहीं हो पानी की कमी।**
3. **राज्यभर के मतदान केंद्रों पर अन–मैप्ड मतदाता सूची का हुआ प्रकाशन; अगले दो सप्ताह तक मतदाता देख सकेंगे नाम।**
4. **लातेहार पुलिस ने जेजेएमपी के पांच लाख रुपये के इनामी सब–जोनल कमांडर समेत दो उग्रवादियों को किया गिरफ्तार, हथियार और कारतूस भी बरामद।**
5. **मौसम विभाग ने राज्य के आठ जिलों के लिए जारी किया ऑरेंज अलर्ट; कल तेज आंधी के साथ बारिश की संभावना।**

**************************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज देशव्यापी 19वें रोजगार मेले के तहत 51 हजार से अधिक युवाओं को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए नियुक्ति पत्र सौंपे हैं। देश भर में 47 स्थानों पर इस मेले का आयोजन किया गया था। इस मौके पर श्री मोदी ने कहा कि हर भारतीय 2047 तक देश को विकसित भारत बनाने के संकल्प के साथ काम कर रहा है, और इस लक्ष्य को पाने के लिए कई अलग–अलग क्षेत्रों में निवेश किया जा रहा है। प्रधानमंत्री ने बताया कि युवाओं के लिए रोज़गार के नए–नए अवसर पैदा किए जा रहे हैं।

**************************

इसी कड़ी में रांची के सीसीएल सभागार में भी एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यहां रेलवे, सेना और डाक विभाग सहित छह विभागों के 132 सफल अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र दिये गये। रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने सांकेतिक रूप से 25 युवाओं को अपने हाथों से नियुक्ति पत्र सौंपे। श्री सेठ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जनता से किया हर वादा क्रमबद्ध तरीके से पूरा कर रहे हैं।

**************************

उधर धनबाद के रेलवे ऑडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम में केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने 88 युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपा। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि देश के हर युवा को रोजगार से जोड़ना सरकार का लक्ष्य है। उन्होंने बताया कि अब तक 12 लाख से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरियां दी जा चुकी हैं। बाद में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने राज्य की कानून व्यवस्था पर भी सवाल उठाये।

**************************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भीषण गर्मी और हीटवेव को देखते हुए पीने के पानी की व्यवस्था के लिए कड़े निर्देश जारी किए हैं। सभी जिलों के अधिकारियों और थानों को अपने दफ्तरों के बाहर और सार्वजनिक जगहों पर आम लोगों के लिए पेयजल की व्यवस्था करने को कहा गया है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि किसी भी गांव या टोले में पानी की कमी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने प्रशासन को पूरी संवेदनशीलता के साथ काम करने का निर्देश दिया है।

**************************

राज्य में आज से सभी मतदान केंद्रों पर अन–मैप्ड मतदाताओं की सूची प्रदर्शित कर दी गई है, जिसे देखने के लिए सुबह से ही बूथों पर लोगों की भीड़ देखी गयी। एसआईआर के तहत जिन मतदाताओं का नाम इस सूची में मिल रहा है, वे संबंधित बूथ लेवल ऑफिसर– बीएलओ से संपर्क कर अपनी मैपिंग की प्रक्रिया पूरी करवा रहे हैं। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने बताया कि यह सूची आज से अगले दो सप्ताह तक सभी केंद्रों पर उपलब्ध रहेगी।

**************************

केन्द्र सरकार ने जन परामर्श के लिए विकसित भारत जी राम जी अधिनियम, 2025 के अंतर्गत मसौदा नियम प्रकाशित किए हैं। ग्रामीण विकास मंत्रालय ने कहा कि कोई भी व्यक्ति, हितधारक, संगठन या संस्था अगले

महीने की 21 तारीख तक इन मसौदा नियमों पर आपत्तियां या सुझाव प्रस्तुत कर सकता है। विकसित भारत जी राम जी अधिनियम 20 वर्ष पुराने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम – मनरेगा के स्थान पर लाया गया है।

**********************

लातेहार पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन जेजेएमपी के पांच लाख रुपये के इनामी सब–जोनल कमांडर शिवनारायण भुइयां सहित दो उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है। एसपी कुमार गौरव ने बताया कि इस कार्रवाई में उग्रवादियों के पास से हथियार बरामद हुए हैं।

**********************

कोडरमा के एनसीसी कैडेट आकाश कुमार ने अरुणाचल प्रदेश की साढ़े 17 हजार फीट ऊंची बर्फीली चोटी पर तिरंगा फहराया है। उन्होंने देश के 20 लाख कैडेट्स में से चुने गए केवल 8 कैडेटों में शामिल होकर झारखंड का मान बढ़ाया। एनसीसी अधिकारियो ने आकाश की उपलब्धि पर बधाई देते हुए कहा कि यह उसके धैर्य, अनुशासन और इच्छा शक्ति के बल पर मिली सफलता है।

**********************

राज्य के आठ जिलों में कल गर्जन के साथ तेज बारिश और बिजली गिरने की संभावना है, जिसे लेकर मौसम विभाग ने ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। मौसम केंद्र के अनुसार गिरिडीह, धनबाद, जामताड़ा, देवघर, दुमका, गोड्डा, पाकुड़ और साहिबगंज में 50 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज आंधी चल सकती है। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार 25 मई से 2 जून तक नौतपा के दौरान भीषण गर्मी और लू का प्रकोप रहेगा, जिससे पारा और ऊपर जा सकता है।

**********************

रांची के बिरसा मुंडा स्टेडियम में आयोजित 29वीं राष्ट्रीय सीनियर एथलेटिक्स फेडरेशन प्रतियोगिता के दूसरे दिन आज कई महत्वपूर्ण मुकाबले हो रहे हैं। पुरुषों की डेकाथलॉन स्पर्धा में भारत के राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक तेजस्विन शंकर ने शानदार शुरुआत की है। उन्होंने 100 मीटर रेस और लंबी कूद में अपना सर्वश्रेष्ठ व्यक्तिगत रिकॉर्ड बनाया और कुल 2 हजार 575 अंकों के साथ तालिका में शीर्ष पर चल रहे हैं।

**********************

धनबाद में आगामी 5 से 7 जून तक 13वीं झारखंड राज्य सीनियर महिला एवं पुरुष कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। झारखंड राज्य कबड्डी संघ के महासचिव संजय कुमार झा ने बताया कि बिरसा मुंडा पार्क के पास स्थित डॉक्टर जेके सिन्हा मेमोरियल इंटरनेशनल स्कूल में इस तीन दिवसीय प्रतियोगिता की तैयारियां तेज कर दी गई हैं। इस महाकुंभ में राज्यभर से करीब 40 से 45 टीमें हिस्सा लेंगी, जिनमें से अब तक 19 टीमों ने अपना पंजीकरण करा लिया है।

******************